Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Raibareilley - Prayagraj road in Uttar Pradesh as four lane.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): प्रयागराज से लखनऊ को जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण रायबरेली से लखनऊ तक सम्पन्न हो चुका है किन्तु रायबरेली से प्रयागराज का चौड़ीकरण (4 लेन) अभी ईतक सम्पन्न नही हो पाया है । देश की आजादी से पूर्व प्रयागराज, उ0प्र0 की राजधानी रहा है तथा वर्तमान में मा0 उच्च न्यायालय समेत उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के कई कार्यालयों का मुख्यालय प्रयागराज में ही स्थित है । इस नाते आम जनमानस का बड़े पैमाने पर आवागमन प्रयागराज से लखनऊ का रहता है । उक्त राजमार्ग के चौड़ीकरण के अभाव में आवागमन में अत्यंत असुविधा रहती है ।

अतः प्रयागराज की जनता की तरफ से यह मांग है कि कृपया उक्त राजमार्ग को एक्सप्रेस वें हेतु स्वीकृति प्रदान करवाने की कृपा करें ।